कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक /4681/ न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2022 रायपुर, दिनांक 27/09/2022

"दावा आपत्ति उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन"

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक ए.एच.पी. अंतर्गत् स्वीकृत परियोजना 841 अमलीडीह में निर्मित/निर्माणाधीन फ्लैटों में से "मोर मकान–मोर आस" योजना के अतंर्गत् 145 नग फ्लैट आबंटन हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्र. 01/2022, दिनांक 18/05/2022 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें कुल 729 आवेदन प्राप्त हुए। पात्र/अपात्र आवेदनों की प्राथमिक सूची, दिनांक 30/06/2022 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट में ऑनलाईन जारी कर आवेदनों पर दिनांक 20/07/2022 तक दावा आपत्ति (ऑनलाईन/ऑफलाईन) आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित तिथि में प्राप्त दावा आपत्ति पर परीक्षण समिति द्वारा कुल 729 आवेदकों में से 229 आवेदकों को पात्र एवं 500 आवेदकों को अपात्र किये जाने की अनुशंसा तथा अनुमोदन किया गया है।

इस क्रम में अंतिम सूची सर्व–साधारण हेतु जारी (ऑनलाईन/ऑफलाईन) की जाती है। कृपया संबंधित आवेदक निगम मुख्यालय के कक्ष क्र. 402 स्थित सूचना पटल अथवा नगर निगम की वेबसाईट (nagarnigamraipur.nic.in) में "मोर मकान–मोर आस आवेदन" शीर्षक में प्रवेश (क्लिक) कर पात्र आवेदकों की सूची का अवलोकन कर सकते है।

अंतिम सूची के समस्त पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि प्रथम 145 आवेदकों के चयन एवं शेष आवेदकों की प्रतिक्षा सूची के नामजद चयन हेतु **दिनांक 06/10/2022 को निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल स्थित सामान्य सभा हॉल में प्रातः 11:30 बजे लॉटरी की जावेगी।** कृपया सभी पात्र आवेदक निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त लॉटरी में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर